समस्या | भरेवा में अघोषित विद्युत कटौती से किसान और नागरिक परेशान, जलापूर्ति भी प्रभावित

सैंकड़ों गांवों में बिजली व्यवस्था चरमराई

चिल्हारी नवभारत 27 जुलाई। जिले के भरेवा विद्युत स्टेशन अंतर्गत चिल्हारी, अमरपुर, इंदवार, टिकुरी, मुगवानी, पड़खुड़ी, भोलगढ़, सुखदास, बचहा, पलझा, कुड़ी मुड़गुड़ी चंदवार, पड़वार, बकेली सहित सैंकड़ों गांवों में इन दिनों बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से किसान और आमजन भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग हर घंटे बिजली बाधित हो रही है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार बिजली बाधित रहने से झाल परियोजना अंतर्गत संचालित जल जीवन मिशन (नल-जल योजना) भी प्रभावित हो गई है। बिजली नहीं मिलने से जलापूर्ति प्लांट संचालित नहीं हो पा रहा, जिसके कारण कई गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप है।

बिजली संकट से किसानों की बढ़ी चिंता

बारिश नहीं होने से खरीफ फसलें पूरी तरह सिंचाई पर निर्भर हैं, लेकिन पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी जमा पूंजी खेती में लगा दी है, लेकिन बिजली संकट के कारण फसलें सूखने की कगार पर पहुंच गई हैं। किसानों का आरोप है कि सरकार ने सिंचाई के लिए प्रतिदिन 10 घंटे निर्बाध बिजली देने का वादा किया था, जबकि उन्हें लगातार 4-5 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है।

कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी

जिला कांग्रेस कमेटी उमरिया के अध्यक्ष इंजीनियर विजय कोल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बिजली संकट ने किसानों और आमजन का जीवन प्रभावित कर दिया है। सरकार किसानों को निर्बाध बिजली देने का वादा पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जिला कांग्रेस कमेटी किसानों के साथ सड़कों पर उतरकर भाजपा सरकार का घेराव करेगी और लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन एवं प्रदर्शन करेगी।

इनका कहना है

ओवरलोड तथा उच्च स्तर से होने वाली बिजली कटौती के कारण आपूर्ति प्रभावित हो रही है। क्षेत्र में तीसरी लाइन बिछाने का कार्य प्रस्तावित था, लेकिन खन्ना-बरही के कुछ ग्रामीणों द्वारा कार्य रोके जाने से काम प्रभावित हुआ है। इस विषय पर संबंधित पक्षों से चर्चा कर जल्द समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।

जायसवाल, सहायक अभियंता

जंगल में छुपे आरोपी को पुलिस ने दबोचा

▶ ग्राम पिपरिया में सिर पर पत्थर पटककर की थी युवक की हत्या

डिण्डौरी, नवभारत 27 जुलाई। समनापुर पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का कुछ ही घंटों में खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

पुलिस ने घने जंगल में विशेष सर्च अभियान चलाकर प्रभावी घेराबंदी के बाद आरोपी को दबोच लिया। त्वरित कार्रवाई को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को थाना समनापुर क्षेत्र के ग्राम पिपरिया में एक व्यक्ति की हत्या की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में मृतक की पहचान कमल सिंह मरावी के रूप में हुई।

आपसी विवाद के बाद की थी हत्या

मृतक की पत्नी हिंरदिया बाई ने पुलिस को बताया कि कार्यक्रम से लौटते समय गांव के सुकल सिंह मरावी का उसके पति से विवाद हो गया था। विवाद के बाद आरोपी ने कमल सिंह मरावी का पीछा किया और तालाब के पास पकड़कर उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी जंगल की ओर फरार हो गया।

भेजा गया जेल

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेखा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन तथा एसडीओपी बजाग विवेक कुमार गौतम के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने करीब चार से पांच घंटे की लगातार सर्चिंग और घेराबंदी के बाद आरोपी सुकल सिंह मरावी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से न्यायिक रिमाण्ड पर जिला जेल डिण्डौरी भेज दिया गया।

आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत

अनूपपुर, नवभारत। जिले के कोतमा थाना क्षेत्र के ग्राम उरतान में रविवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई हैं। मृत मवेशियों में 4 बैल और 6 गाय शामिल हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस घटना में पशुपालकों को 5 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पूरे गांव एवं पशुपालकों में शोक और मायूसी का माहौल है। सूचना मिलते ही थाना कोतमा पुलिस एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच कार्रवाई शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार सुबह उरतान गांव से 30 से अधिक मवेशियों को चराने के लिए केशोरी के जंगल की ओर ले जाया गया था। दोपहर बाद तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए लौटते समय धवई टोला के पास मवेशी एक पेड़ के नीचे रुक गए। इसी दौरान लगातार 2 से 3 बार आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से 10 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत मवेशी रामप्रसाद यादव, तेजभान यादव, मोलिया यादव, जगदीश यादव, आनंदराम, लल्लाराम, हीरू बरगाही और राजेश बरगाही के बताए जा रहे हैं।

दो माह में ही उखड़ने लगी नई नवेली सीसी सड़क

▶ निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप

अमरपुर नवभात 27 जुलाई। जनपद पंचायत अमरपुर के सबसे नजदीकी ग्राम पंचायत डुंगरिया में ग्राम पंचायत भाखा द्वारा विगत दो माह पूर्व सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य भानपुर मुख्य मार्ग से बस्ती के अंदर निर्माण कार्य कराया गया हैं, जोकि अभी से ही उखड़ने लगी हैं।

बताया जाता है कि इस सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं बरती गई हैं। अर्थ वर्क किए बगैर ही सीमेंट कांक्रीट किया गया हैं। नीचे पन्नी बिछाने कार्य प्रारंभ होने पश्चात भी पन्नी नहीं बिछाई गई हैं और न ही वायब्रेटर का उपयोग किया गया।

सूचना पटल भी नहीं लगाया गया

कार्य पूर्ण हुए दो माह बीत जाने के बावजूद भी सूचना पटल नहीं लगाया गया हैं, जिससे जानकारी नहीं मिल पा रही कि निर्माण कार्य किस मद से किया गया हैं, इसकी लागत कितनी हैं और साथ ही उक्त सड़क की लंबाई चौड़ाई कितनी हैं।

गांव-गांव फैली अवैध शराब की पैकारी

▶ शाम ढलते ही शुरू हो जाता है शराबखोरी का खेल

चिल्हारी उमरिया नवभारत 27 जुलाई। जिले के इंदवार में इन दिनों कानून व्यवस्था और प्रशासन का खुलेआम जनाजा निकाला जा रहा है।

क्षेत्र में अवैध शराब पैकारी का नेटवर्क इतनी तेजी से पैर पसार चुका है कि अब गांवों में दूध मिलें न मिले, लेकिन हर गली-हर मोहल्ले में शराब आसानी से उपलब्ध है।

गांव-गांव बने मयखाने

इंदवार गांव की शराब दुकान अब केवल एक 'लाइसेंस' नहीं, बल्कि अवैध धंवसों का मुख्य अड्डा बन चुकी है। यहां से थोक के भाव शराब उठाकर पैकार अलग-अलग गांवों में सप्लाई कर रहे हैं। शाम ढलते ही गांवों के चौराहों, किसान दुकानों और झाडिवों के के पीछे खुलेआम जाम ढलकने लाती हैं। गांवों में परोसी जा रही अवैध मदिरा के कारण शाम ढलते ही शराबियों का उपद्रव शुरू हो जाता है। रास्ते से गुजरने वाली महिलाओं और युवतियों पर छीटा कसी की जाती है।

अवैध कबाड़ कारोबार की जांच करने निकला अमला

▶ खाद वितरण व्यवस्था, विद्यालय का किया अवलोकन

डिण्डौरी, नवभारत 27 जुलाई। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में एसडीएम डिण्डौरी रामबाबू देवांगन एवं एसडीओपी अजय तिवारी ने थाना प्रभारी विक्रमपुर अतुल हरदाहा तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ विक्रमपुर क्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान अवैध कबाड़ कारोबार, खाद वितरण व्यवस्था, निर्माण कार्यों, विद्यालय संचालन एवं नशा मुक्ति अभियान की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक दल ने स्थानीय कबाड़ व्यापारी मोहम्मद शेख के प्रतिष्ठान की जांच की। मौके पर लगभग 10 बसें स्क्रैप की स्थिति में मिलीं, लेकिन व्यापारी आवश्यक दस्तावेज एवं वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इस पर पंचनामा तैयार किया गया तथा मामले में पुलिस विभाग द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई।

खाद गोदामों का किया निरीक्षण

इसके बाद अधिकारियों ने शासकीय खाद गोदाम विक्रमपुर का निरीक्षण किया। यहां बताया गया कि अब तक टोकन प्रणाली के माध्यम से 35 किसानों को खाद का वितरण किया जा चुका है। शेष किसानों के लिए पर्याप्त खाद का भंडारण किया जा रहा है तथा नियमानुसार वितरण की प्रक्रिया जारी रहेगी।

मध्यान्ह भोजन का चखा स्वाद

निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक शाला घुसिया पहुंचकर अधिकारियों ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से चर्चा कर विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बच्चों ने भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया।

नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

निरीक्षण के अंत में विक्रमपुर चौकी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सभी से सक्रिय सहभागिता की अपील की।

विद्यार्थियों को दी गई यूपीएससी की जानकारी

▶ सिविल सर्विस दिवस मनाया गया

अमरपुर नवभारत 27 जुलाई। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रभारी आशीष कुमार मरावी के मार्गदर्शन में सिविल सर्विस दिवस मनाया गया।

इसके तहत महाविद्यालय के विद्यार्थियों को राज्य लोक सेवा आयोग, संघ लोक सेवा आयोग की विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही इस क्षेत्र में विद्यार्थियों की विशेष जिज्ञासा भी देखी गई। उनके मन में कैरियर के प्रति भविष्य के लिए सजग रहने की आवश्यकता की ओर ध्यानाकर्षित किया गया। छात्रों को संबोधित करते हुए आशीष कुमार मरावी द्वारा अपने व्याख्यान में सिविल सर्विस से जुड़ी बातों को सरल ढंग से बताया गया।

सिविल सर्विस के प्रति प्रेरित किया गया-आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफ डॉ. सुनील काकोड़िया, डॉ, सीमा डावर, प्रदीप कुमार कहार, कैलाश प्रसाद लखेरा आदि मौजूद रह कर अपने व्याख्यान में बच्चों को सिविल सर्विस के प्रति बच्चों को प्रेरित किया गया।

10 किलो गांजे के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

▶ बाइक व मोबाइल सहित 2 .27 लाख का मशरूका किया जब्त

कोतमा नवभारत। जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी विशेष अभियान के तहत थाना कोतमा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों के कब्जे से 9.865 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त किए गए कुल मशरूके की अनुमानित कीमत 2.27 लाख रुपये बताई जा रही है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिछाया जाल-गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई। खबर मिली कि जमगांव-सेमरिया मार्ग से एक मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति सफेद बोरी में अवैध गांजा लेकर कोतमा की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम तुरंत रवाना की गई।

घेराबंदी कर बाइक सवारों को दबोचा-जमगांव की ओर से आ रही संदिग्ध मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 65 जेडबी 8205) को रोककर जब पुलिस ने पूछताछ की, तो चालक ने अपना नाम सूरज यादव तथा पीछे बैठे युवक ने अपना नाम दिलीप साहू बताया। संदिग्धों के बीच रखी सफेद रंग की बोरी की तलाशी लेने पर उसमें से 9.865 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

शेखर तिवारी का निधन

चिल्हारी उमरिया नवभारत 27 जुलाई। जिले के वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. रामप्रकाश तिवारी के छोटे भाई शेखर तिवारी का 26 जुलाई को निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों, शुभचिंतकों एवं क्षेत्रवासियों में गहरा शोक व्याप्त हो गया। अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक संगठनों ने उनके निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

जागरूकता रैलियों के साथ दिलाई नशामुक्ति की शपथ

▶ जिले में गूंजा संदेश 'नशे से दूरी है जरूरी'

डिंडौरी, नवभारत 27 जुलाई। जिले में सोमवार को 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत सभी विकासखंडों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सार्वजनिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों, हाट-बाजारों, बस स्टैंड, विद्यालयों एवं अन्य स्थानों पर नशामुक्ति शपथ, जागरूकता रैलियां, जनसंवाद और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। अभियान का उद्देश्य युवाओं और आमजन को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित कर समाज में नशामुक्त वातावरण का निर्माण करना रहा।

नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

डिंडौरी विकासखंड के पुलिस चौकी विक्रमपुर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम रामबाबू देवांगन एवं एसडीओपी अजय तिवारी की उपस्थिति में अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने नशामुक्ति की शपथ ली। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

सभी विकासखंडों में निकली रैलियां

अभियान के अंतर्गत अमरपुर, समनापुर, करंजिया, बजाग, मेंहदवानी और शहपुरा सहित जिले के सभी विकासखंडों में जागरूकता रैलियां निकाली गईं। इनमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का अमला, छात्र-छात्राएं, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

बैठक | जनपद पंचायत सभागार में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम आयोजित

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की दी जानकारी

अमरपुर नवभारत 27 जुलाई। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा विकासखंड स्तरीय प्रस्फुटन समितियों की बैठक सह प्रशिक्षण (प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम) जनपद पंचायत सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश नारनौरे, खंड पंचायत समन्वयक प्रमोद सिंह परस्ते, पंचायत समन्वयक सही लाल कुलस्ते की उपस्थिति में भारत माता के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके उपरांत उपस्थित मंचासीनों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत बेला के पश्चात विकासखंड समन्वयक अमर लाल धुर्वे द्वारा प्रशिक्षण की रूपरेखा एवं जन अभियान परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी गई।

श्रमिक करें पंजीयन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना की जानकारी दी गई। इसमें असंगठित क्षेत्र में श्रम कार्ड धारी मजदूरों को इस योजना से लाभान्वित करने हेतु सीएससी सेंटर में अधिक से अधिक पंजीयन करने को कहा गया। इसके साथ ही शासन की अन्य योजना की जानकारी दी गई। जिसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए कहा गया।

नशा मुक्ति की दिलाई गई शपथ

यातायात थाना प्रभारी राहुल उइके एवं शिवनील नशा मुक्ति एवं मनोचिकित्सा केंद्र डिंडौरी से रीतू उसराठे एवं स्टाफ तथा पुलिस चौकी अमरपुर के स्टाफ द्वारा नशे से दूरी हैं जरूरी 2.0 के अंतर्गत नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। तथा थाना प्रभारी एवं नीतू उसराठे द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को नशा के दुष्परिणामों को बताते हुए सबसे पहले स्वयं को नशा मुक्त कर लोगों को नशा से दूर रहकर नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए कहा गया।

अनूपपुर में 10 .3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

अनूपपुर, नवभारत। जिले में बीते 24 घंटे के दौरान 10.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर अलग-अलग मात्रा में बारिश दर्ज हुई। आंकड़ों के मुताबिक कोतमा में सर्वाधिक 39 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं जैतहरी में 13.2 मिलीमीटर, बिजुरी में 12 मिलीमीटर, अमरकंटक में 10.2 मिलीमीटर, बेनीबारी में 3.4 मिलीमीटर, वेंकटनगर में 2 मिलीमीटर, अनूपपुर में 1.5 मिलीमीटर तथा पुष्पराजगढ़ में 1.2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में कुल 10.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है।

जिला अस्पताल में लगाया गया नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

अनूपपुर, नवभारत। जिला चिकित्सालय अनूपपुर में एस.वी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर शहडोल तथा जिला चिकित्सालय अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनूपपुर जिले के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। शिविर में मरीजों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांचें नि:शुल्क की गईं। जांच के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार, दवाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में परामर्श दिया। मेगा स्वास्थ्य शिविर में नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।